पावर सिस्टम कारपोरेशन आफ इंडिया लिमिटेड

केन्द्रीय कार्यालय, मानव संसाधन विभाग

सन्दर्भ संख्या : के.का./पोसोको/2012/हिन्दी कार्यशाला **दिनांक 10 दिसम्बर 2012**

हिन्दी कार्यशाला का कार्यवृत

पोसोको कार्यालय मे दिनांक 07.12.2012 को प्रात: 10.30 बजे हिन्दी कार्यशाला का आयोजन पावरग्रिड के भूतल स्थित सम्मेलन कक्ष में किया गया जिसमे पोसोको कार्यालय के 21 अधिकारियों/कर्मचारियों ने बडे उत्साह से भाग लिया।

1.0 कम्प्यूटर पर राजभाषा हिन्दी में काम करने को कैसे आसान बनाएँ इस विषय पर हिंदी कार्यशाला का आयोजन करने के लिये महाप्रबंधक(रा.भा.प्रे.के) से 21 नवम्बर 2012 को अनुमोदन प्राप्त किया गया और इसमें व्याख्यान देने के लिये श्री केवल कृष्ण, वरिष्ठ निदेशक (सीडेक) को आमंत्रित किया गया ।

2.0 श्री सुशील कुमार सोनी, मुख्य कार्यपालक अधिकारी(पोसोको) ने पोसोको कार्यालय की तरफ से बाह्य संकाय श्री केवल कृष्णजी को पोसोको कार्यालय में व्याख्यान देने के लिये आने पर हार्दिक अभिनन्दन किया व सभी प्रतिभागियों को इस कार्यशाला से कम्प्यूटर की मदद से और अधिक कार्यालीन कार्य राजभाषा हिंदी में कैसे किया जाए इस हेतु प्रोत्साहित किया ।

3.0 श्री सोनी ने अपने वक्तव्य में कहा कि सूचना प्रोद्योगिकी की मदद से जहाँ और क्षेत्रों की जानकारी शीघ्र प्राप्त हो जाती है वैसे ही आज हिंदी के मुहावरे अर्थ हिंदी भाषा से सम्बंधी अन्य जानकारी कुछ क्षणों में ही प्राप्त हो जाती है ।

4.0 श्री केवल कृष्ण जी ने अपने व्याख्यान में राजभाषा हिंदी से सम्बंधी आई टी टूल्स, ट्यूटर,अनुवाद से सम्बंधी वेबासाईटस के बारे में विस्तृत जानकारी उदाहरणों की मदद से सभी प्रतिभागियों को बताई ।

5.0 राजभाषा शब्दकोष को कैसे इस्तेमाल किया जाए इस बारे में भी श्री केवल कृष्णजी ने अपने प्रेसंटेशन के द्वारा प्रकाश डाला । श्री केवल कृष्ण जी ने अपने प्रेसंटेश्न की एक कापी भी पोसोको कार्यालय को उपलब्ध कराई जिसे राष्ट्रीय भार प्रेषण केंद्र की साईट के राजभाषा फोल्डर में डाला जा रहा है ।

6.0 अंत में श्री केवल कृष्णजी को अपना व्याख्यान पोसोको कार्यालय में आकर देने हेतु मानदेय का चेक धन्यवाद सहित श्री आर के बंसल अपर महाप्रबंधक (केंद्रीय आयोजना) ने भेंट किया ।

7.0 अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

10/12/12

(अनिल मेहता)
कार्यपालक सचिव(मा.सं)

अपर महा प्रबंधक (केंद्रीय आयोजना)

कार्यपालक निदेशक (रा.भा.प्रे.के.)

मुख्य कार्यपालक अधिकारी(पोसोको)

कापी: श्री आई आर किदवई, कार्यपालक निदेशक(मानव संसाधन विभाग), पावरग्रिड